प्रादेशिक समाचार
दिनांक–24.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- युवा आक्रोश रैली के दौरान पुलिस की कथित बर्वरता के खिलाफ आज राज्य भर में भाजपा का प्रदर्शन, सभी जिलों के एसपी कार्यालयों और थानों के सामने पुतला दहन का कार्यक्रम।
- नीट यूजी पेपर लीक मामले में हजारीबाग में सील गेस्ट हाउस में घुसकर साक्ष्य मिटाने की कोशिश, सीबीआई ने थाने में दर्ज करायी शिकायत।
- देवघर की एक अदालत ने नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीन दोषियों को सुनायी 25–25 वर्ष सश्रम कारावास की सजा।
- झारखंड से गिरफ्तार अलकायदा मॉड्यूल के मास्टर माइंड डा. इश्तियाक अहमद समेत पांच संदिग्धों को ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली ले गयी पुलिस।
- भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी शिखर धवन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों से सन्यास लेने की घोषणा की।

*********************

राज्य सरकार की कथित तानाशाही के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने आज सभी जिलों के एसपी कार्यालय और थानों के सामने सरकार का पुतला दहन करने का फैसला किया है। राज्य सरकार की विफलता और परीक्षाओं में धांधली मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर कल रांची में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने राज्यव्यापी युवा आक्रोश रैली निकाली थी। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए बल प्रयोग किया था। इसमें कई कार्यकर्ता घायल हो गये हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

*********************

इधर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन मुंडा ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को हर मोर्चे पर विफल करार दिया है। उन्होंने चंपाई सोरेन प्रकरण का जिक्र करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन जब अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता के नहीं हुए तो वे राज्य की जनता का भला कैसे करेंगे।

*********************

इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि झामुमो के प्रति उनकी कोई दुर्भावना नहीं है। सरायकेला–खरसावां जिले के गम्हरिया में अपने नये राजनीतिक कदम को लेकर समर्थकों के साथ राय शुमारी करने के बाद वे पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वे मजबूती के साथ अपने राजनीतिक कदम को आगे बढ़ायेंगे।

*********************

नीट यूजी पेपर लीक मामले में हजारीबाग में सीबीआई द्वारा सील किये गये राज गेस्ट हाउस में किसी ने घुसकर साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ की है। घटना की सूचना पाकर दिल्ली और पटना सीबीआई की टीम हजारीबाग पहुंची। सीबीआई के अधिकारी जब गेस्ट हाउस के अंदर गये तो कई सा्मान और दस्तावेज बिखरे मिले। जांच एजेंसी ने इस सिलसिले में कटकमदाग थाने में शिकायत दर्ज करायी है।

*********************

देवघर जिले की एक अदालत ने नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए पच्चीस–पच्चीस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनायी। तीनों दोषियों पर 20–20 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया गया है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. एआईआर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*********************

झारखंड से गिरफ्तार अलकायदा माड्यूल के मास्टर माइंड डॉक्टर इश्तियाक अहमद समेत पांच संदिग्धों को दिल्ली स्पेशल सेल की टीम अपने साथ दिल्ली ले गयी है। जिन संदिग्धों को दिल्ली ले जाया गया है उनमें इश्तियाक के अलावा हजारीबाग का फैजान अहमद, चान्हों का मतिउर रहमान, रिजवान बाबर और मुफ्ती रहमतुल्ला शामिल हैं। इन सबको दिल्ली पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर ले गयी है।

*********************

आकाशवाणी रांची की ओर से आज रांची के आर्टभट्ट सभागार में श्रावणी का संगीत उत्सव आयोजन किया जा रहा है। संगीत उत्सव का उद्घाटन अकाशवाणी के केंद्र प्रमुख डीसी हेंब्रम, दूरदर्शन के केंद्र प्रमुख आरके राव और आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रमुख गौरव शेखर राय ने संयुक्त रूप से किया।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज हजारीबाग के दौरे पर हैं। वे नगवां स्थित सिंदूर मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की महिलाओं के बीच प्रथम किश्त की राशि हस्तांतरित करेंगे।

*********************

राज्य की कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने किसानों और सहकारी समितियों के सशक्तीकरण की प्रतिबद्धता दोहरायी है। जमशेदपुर के साकची प्रमंडल स्तरीय सहकारिता महासम्मेलन के दौरान उन्होंने लाभुकों के बीच पांच करोड़ रुपये से अधिक की परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस मौके पर कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए सरकार कई कदम उठा रही है।

*********************

लातेहार जिले में इस माह औसत से अधिक बारिश होने के कारण खेती किसानी पर अनुकूल प्रभाव पड़ा है।

*********************

हजारीबाग जिले में चलाये जा रहे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का केन्द्रीय टीम ने जायजा लिया। टीम में डब्ल्यूएच और स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी शामिल थे। इस क्रम में उपायुक्त नैंसी सहाय और पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार सहित पूरे पुलिस विभाग को टीम द्वारा फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया गया।

*********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार रांची के अलावा पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू और गढ़वा में आज और कल भारी बारिश हो सकती है।

*********************

भारतीय क्रिकेट खिलाडी शिखर धवन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी तीनों प्रारूपों से सन्यास लेने की घोषणा की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियों संदेश में धवन ने कहा कि वे क्रिकेट की अनगिनत यादे अपने साथ ले जा रहे हैं।

*********************

जमशेदपुर के टाटा स्टील कांप्लेक्स में चल रहे डुरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता में पिछली चैंपियन मोहन बागान ने टाइब्रेकर में पंजाब एफसी को 6– 5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रोमांचक क्वार्टर फाइनल मुकाबले में निर्धारित समय तक दोनों टीम तीन– तीन की बराबरी पर रही और मैच का फैसला टाईब्रेकर से हुआ।

*********************